Title: Need to provide stoppage of important trains at Roorkee railway station, Uttaranchal.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : अध्यक्ष महोद्य, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान रूड़की स्टेशन की ओर आकर्ति करना चाहता हूं, जहां से लगभग 500 के आसपास दैनिक यात्री प्रतिदिन अप और डाउन यात्रा करते हैं, जिनमें रूड़की से मुरादाबाद तक अधिकतर दैनिक यात्री यात्रा करते हैं। इनके लिए केवल मात्र एक गाड़ी 3151 अप - 3152 डाउन है। इसके अलावा और कोई गाड़ी इस लाइन पर रूड़की में नहीं रूकती है। जिस कारण प्रतिदिन यात्रियों को काफी असुविधा होती है। इसके उपरांत प्रातः 9 बजे से रात्रि 11 बजे के बीच अन्य यात्रियों के लिए रूड़की से मुरादाबाद जाने के लिए कोई गाड़ी नहीं है जबकि रूड़की नगर एक औद्योगिक शहर है और कुछ शिक्षा संस्थान आई0आई0टी0, सी0बी0आर0आई0, आई0आर0आई0, सेना की बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप, मुस्लिम समुदाय का अन्तर्राष्ट्रीय पवित्र स्थान पीरान कलियर, दरगाह शरीफ जैसे महत्वपूर्ण संस्थान हैं। इस कारण रूड़की स्टेशन पर इन गाड़ियों का रूकना अति आवश्यक है।

अतः रेल मंत्री जी से निवेदन है कि रूड़की रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी नं0 5209, 5210, 5211, 5212 और टाटा अमृतसर गाड़ियों का ठहराव किया जाये।

महोद्य, आपकी जानकारी हेतु रूड़की से जुड़ा हुआ हरिद्वार एक पावन स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री दर्शन के लिए आते हैं।